**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 16.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आज शाम 5 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होने वाले लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत का अपना पॉडकास्ट साक्षात्कार सुनने का अनुरोध किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि श्री फ्रिडमैन के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई। इस बातचीत में श्री मोदी के बचपन, हिमालय में बिताए गए समय और सार्वजनिक जीवन समेत कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। श्री फ्रिडमैन ने कहा कि उन्होंने तीन घंटे तक प्रधानमंत्री मोदी के साथ पॉडकास्ट बातचीत की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन की सबसे प्रभावशाली बातचीत रहीं।

*******************

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया आज शाम नई दिल्ली में पहले फिट इंडिया महोत्सव का उद्‌घाटन करेंगे।

श्री मांडवीया ने बताया कि आज से शुरू होने वाला तीन दिवसीय फिटनेस और वेलनेस फेस्टिवल–फिट इंडिया महोत्सव का उद्देश्य फिट इंडिया आंदोलन के फिट, स्वस्थ और मोटापे से मुक्त राष्ट्र के दृष्टिकोण के साथ तालमेल करते हुए स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने देवघर में सपरिवार बाबा बैद्यनाथ की पूजा–अर्चना की और झारखंडवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। उन्होंने गिरिडीह की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए राज्य सरकार पर सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि त्योहारों के दौरान अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

*******************

सरायकेला–खरसावां ज़िले में जेपीएससी शिक्षक संघ 2004 बैच की बैठक आयोजित हुई, जिसमें वेतन विसंगति और भेदभाव के मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे न्यायालय की शरण लेंगे और आंदोलन करेंगे। संघ के सदस्य सुधाकर ठाकुर ने बताया कि समान पद पर नियुक्त शिक्षकों के वेतन में कटौती और फिक्सेशन में भेदभाव किया जा रहा है।

*******************

आज देशभर में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष 16 मार्च को मनाया जाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि देश के प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण अनिवार्य है।

*******************

लोहरदगा जिला में झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा समावेशी शिक्षा अंतर्गत सभी दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एक दिवसीय अभिभावक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*******************

मौसम विभाग ने बताया है कि आज पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, बोकारो के साथ धनबाद जिला में लू चलने की आशंका है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक कल राज्य के अधिकांश जिलों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं और मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना है।

**********